● जयपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 58 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @ 3 सार्वजनिक निर्माण विभाग अतिरिक्त मुख्य अभियंता ज़ोन प्रथम अनुपम गुप्ता ने...

पेज @ 4 टूटे बाजूबंद री लूम लट उलझी उलझी जाए और ...

पेज @ 8 सपा और कांग्रेस में गठबंधन रहेगा बरकरार...

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार गुरमेल सिंह पुलिस कस्टडी में

● दूसरे आरोपित की उम्र की जांच का आदेश, चौथे आरोपित की भी हुई पहचान

एजेंसी

**मुंबई।** राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों में से एक गुरमेल बलजीत सिंह (23) को कोर्ट ने रविवार को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। दूसरे आरोपित धर्मराज राजेश कश्यप (उम्र 19) ने कोर्ट में खुद को नाबालिग बताया है, इसलिए उसकी सही उम्र की जांच करने का आदेश कोर्ट ने पुलिस को दिया है।

मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कुल चार आरोपित शामिल थे, जिनमें से दो को पुलिस ने दो पिस्तौल और 28 कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है, जबकि शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा (20) और मोहम्मद जीशान अख्तर फरार हैं। पुलिस ने कोर्ट में दावा किया है कि मोहम्मद जीशान अख्तर ने ही हथियार उपलब्ध करवाया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों का मेडिकल टेस्ट करवाकर पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष पेश किया। कोर्ट में पुलिस ने बताया कि आरोपितों के संबंध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर हो सकते हैं, इसलिए दोनों को 14 दिनों तक पुलिस कस्टडी दी जाए।

आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से कहा कि धर्मराज कश्यप की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है, इसलिए उसे पुलिस कस्टडी में न भेजा जाए। सरकारी वकील ने धर्मराज का आधार कार्ड कोर्ट में पेश किया, जिसके आधार पर उसकी उम्र 19 वर्ष हैं। आधार कार्ड पर उसकी जन्म तिथि 1 मार्च, 2003 दर्ज हैं। हालांकि, कोर्ट ने धर्मराज कश्यप की उम्र की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने गुरुनेल सिंह को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।



## लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी, सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

नई दिल्ली। कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। गैंग की तरफ से एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है। जिसमें गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई झगड़ा नहीं चाहते थे लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनका दाऊद इब्राहिम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था। बिश्नोई गैंग की तरफ किए गए पोस्ट में कहा गया है, 'जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था, जो निभाया मित्रता का धर्म था।'
बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा, 'सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे। पर तुमने हमारे भाई (लॉरेंस बिश्नोई) का नुकसान करवाया। आज जो बाबा सिद्दीकी की शराफत के पुल बांधे जा रहे हैं, वो एक टाइम में दाऊद के साथ मकोका एक्ट में था। इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था।' पोस्ट में आगे लिखा गया है कि 'हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, पर जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की हेल्प करेगा, अपना हिसाब-किताब लगा के रखना। हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवाएगा, तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे। हमने पहले वार कभी नहीं किया।' पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना के बाद से ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के ऊपर शक जताया जा रहा था। वहीं इस पोस्ट के बाद मामला साफ हो गया है। फिलहाल पुलिस लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर आगे की जांच करेगी।

## न्यूज़ अपडेट

### हर चुनाव में ईवीएम का दुरुपयोग होता रहा है : कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को ईवीएम के दुरुपयोग की बात की और कहा कि हर चुनाव में ऐसा होता रहा है।
उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं शुरू से ही यह कहता हुआ आ रहा हूं कि ईवीएम का दुरुपयोग हमेशा से ही होता रहा है। चाहे वो लोकसभा के चुनाव हो या विधानसभा के चुनाव। हर चुनाव में ईवीएम का दुरुपयोग होता रहा है। उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा से ही ईवीएम के खिलाफ बयान देता हुआ आया हूं। मेरे कई बयान आपको याद ही होंगे। मैंने कई दफा इस बातचीत पर बल दिया है कि सभी चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग हो रहा है।

### इटावा-आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, दो विदेशी महिला समेत तीन की मौत

**इटावा/एजेंसी।** यूपी के इटावा जिले में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन-125 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो विदेशी महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया। इटावा मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव, ताखा उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा और उसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार को क्रेन की मदद से कुदरेल चौकी पर खड़ा कर दिया गया है।

### सीएम नायब सिंह सैनी को दी थी जान से मारने की धमकी, जींद का रहने वाला आरोपी अरेस्ट

**चंडीगढ़/एजेंसी।** हरियाणा पुलिस ने सीएम नायब सैनी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जुलाना में एक व्हाट्सऐप ग्रुप में हरियाणा के मुख्यमंत्री को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।
गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जींद जिले के देवरार गांव के मूल निवासी अजमेर के रूप में हुई है। जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि अजमेर ने 8 अक्टूबर को राज्य में मतगणना के दिन एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जान से मारने की धमकी दी थी। सुमित कुमार ने बताया, जैसे ही मामला पुलिस के संज्ञान में आया, एफआईआर दर्ज कर अजमेर को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक व्हाट्सऐप ग्रुप 'सोमबीर राठी जुलाना हलका' नाम से बनाए ग्रुप में लिखा कि जो भी हरियाणा का मुख्यमंत्री बनेगा, उसे मैं गोली मार दूंगा। जिस तरह से महात्मा गांधी को गोडसे ने मारी थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू अफ्रीकी देश अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की ऐतिहासिक यात्रा पर हुई रवाना

**नई दिल्ली/एजेंसी।**


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की एक साथ तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है।
राष्ट्रपति मुर्मू अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के निमंत्रण पर 13 अक्टूबर को अल्जीरिया पहुंचेंगी। वह इस अफ्रीकी देश में 15 अक्टूबर तक रहेंगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी।
इस यात्रा से भारत और अल्जीरिया के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देश तेल, गैस, रक्षा एवं अंतरिक्ष सहयोग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में और नजदीक आएंगे।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की इस यात्रा में दोनों राष्ट्रपतियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। काउंसिल ऑफ नेशन (अल्जीरियाई संसद के ऊपरी सदन) और नेशनल पीपुल्स असेंबली (निचले सदन) के अध्यक्षों सहित कई अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्ति भी इस बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मू भारत-अल्जीरिया के बीच आर्थिक मंच और सिदी अब्देल्ला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय को संबोधित करेंगी। वह जार्डिन डी'एस्साई के हम्मा गार्डन में इंडिया कॉर्नर का भी उद्घाटन करेंगी। इसके बाद इस उत्तरी अफ्रीकी देश से भारतीय राष्ट्रपति 16 अक्टूबर को पड़ोसी देश मॉरिटानिया जाएंगी। मॉरिटानिया इस समय अफ्रीकी संघ का अध्यक्ष भी है।
मॉरिटानिया पहुंच कर राष्ट्रपति मुर्मू अपने समकक्ष मोहम्मद औलद शेख अल गजौनी से बातचीत करेंगी। मॉरिटानिया प्रधानमंत्री मोख्तार औलद दजय और विदेश मंत्री मोहम्मद सलीम औलद मरजूक के उनसे मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रपति भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा भारत-मॉरिटानिया द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देगी।
इसके बाद मलावी के राष्ट्रपति डॉ. लाजरस मैकार्थी चकवेरा के निमंत्रण पर राष्ट्रपति मुर्मू 17-19 अक्टूबर तक मॉरिटानिया से पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू मलावी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद वह देश के व्यापारिक और उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी। अपनी यात्रा के अगले चरण में वह देश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भी





## किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, जनता दरबार में बोले सीएम योगी

**गोरखपुर/एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार के दौरान लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों की समस्याओं के जल्द निपटारे के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।
सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाडने वाले किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।



सीएम योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।
मुख्यमंत्री के सामने हर बार की तरह इस बार भी जनता दरबार में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# हरियाणा में सरकार गठन को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक 16 को

● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी विधायकों को दो दिन के लिए चंडीगढ़ बुलाया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नई सरकार के गठन की तैयारी हो चुकी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तय होने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक आहूत की है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

भाजपा 17 अक्टूबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की सफलता को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटी है। रविवार को दिनभर पंचकूला में पार्टी के आला नेताओं की बैठक चलती रही। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले नेताओं को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। दूसरे राज्यों के जिन मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है उनके अनुसार यहां पर प्रबंध किए जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार अभी तक असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है। केंद्रीय मंत्रियों का कार्यक्रम मंगलवार तक पहुंचेगा। समारोह स्थल पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार 16 अक्टूबर को विधायक दल की बैठक होगी। इसमें पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

# हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे बंगलादेश सरकार : भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को बंगलादेश की राजधानी ढाका में एक दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम हमले और सतखीरा के एक मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भेंट किये गये देवी काली के सोने के मुकुट की चोरी की खबरों को निंदनीय करार दिया देते हुये वहां की सरकार से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये हमले वर्तमान में देखे जा रहे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने तथा नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का अनुसरण करते हैं।



विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ये निंदनीय घटनायें हैं। वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं, जिसे हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं।' मंत्रालय ने कहा, 'हम बंगलादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों तथा उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं, खासकर इस शुभ त्योहार के अवसर पर।'

उल्लेखनीय है कि ढाका के तांती बाजार इलाके में शुक्रवार को एक दुर्गा पूजा मंडप पर पेट्रोल बम फेंका गया। सीसीटीवी फुटेज में युवकों का एक समूह देवी दुर्गा की मूर्ति पर पेट्रोल बम फेंकते और बगल के द्वार से भागता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने उन श्रद्धालुओं पर भी चाकू से हमला किया, जिन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके कारण पांच लोग घायल हो गये।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को श्री मोदी द्वारा 2021 में बंगलादेश की अपनी यात्रा के दौरान सतखिरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर को भेंट किये गये सोने की परत वाले मुकुट की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय उच्चायोग ने बंगलादेश की अंतरिम सरकार से चोरी की जांच करने और मुकुट को बरामद करने तथा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। एक अन्य घटना में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा इस्लामिक छात्र शिविर के सदस्यों ने बंगलादेश के चटगांव के जे एम सेन हॉल में एक प्रसिद्ध दुर्गा पूजा मंडप में सांस्कृतिक कार्यक्रम की आड़ में इस्लामी गीत गाना शुरू कर दिया। इसके कारण हजारों हिंदुओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अपराधियों को सजा देने की मांग की।

**कारोबार** देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप गिरे

# सात कंपनियों के मार्केट कैप में 1.22 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। मार्केट कैप में गिरावट होने के मामले में सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 35,638.16 करोड़ रुपये घट कर 15,01,723.41 करोड़ रुपये हो गया।

इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 21,351.71 करोड़ रुपये घट कर 18,55,366.53 करोड़ रुपये हो गया। इस सप्ताह मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली तीसरी कंपनी आईटीसी रही। आईटीसी का मार्केट कैप 18,761.40 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,10,933.66 करोड़ रुपये रह गया। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,047.71 करोड़ रुपये कम होकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 13,946.62 करोड़ रुपये घट कर 6,00,179.03 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,363.35 करोड़ रुपये घट कर 8,61,696.24 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,998.16 करोड़ रुपये कम हो कर 12,59,269.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर भारती एयरटेल का मार्केट कैप 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 6,913.33 करोड़ बढ़ कर 8,03,440.41 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 3,034.36 करोड़ बढ़ कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।



## रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक गिरावट

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,55,366.53 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,01,723.41 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,59,269.19 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,60,435.16 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,61,696.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 8,03,440.41 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,13,968.95 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,53,315.60 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,10,933.66 करोड़ रुपये) और एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,00,179.03 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी

**मुंबई।** बांद्रा में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बंगले पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी तरह मालाबार हिल क्षेत्र में अन्य मंत्रियों के बंगलों के बाहर भी गश्त बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस ने आज सुबह ही बांद्रा में फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर भी गश्त बढ़ा दी थी।

बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके में शनिवार रात को राकांपा (एपी) के नेता बाबा सिद्दीकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी फिल्म अभिनेता सलमान खान के करीबी थे, इसलिए पुलिस ने तत्काल सलमान खान के आवास पर पुलिस गश्त बढ़ा दी थी। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी करते हुए किए गए सोशल मीडिया के पोस्ट में अनुज थापन का भी नाम है। इसी वजह से इस सोशल के पोस्ट के बाद मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री के आवास के बाहर दोपहर बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मंत्रियों के आवास के बाहर गश्त बढ़ाई गई है।

## बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में कट्टरपंथी अराजकता का तांडव!

बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ क्रूरता पूर्ण अमानवीयता में कोई कमी नहीं आई है। शेख हसीना के सत्ताच्युत हो जाने के बाद से इन में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है। बांग्लादेश में इस साल शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी लगभग 35 अप्रिय घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग एक दर्जन मामले भी दर्ज किए गए हैं जबकि वास्तव में ऐसी वारदातों की तादाद कई गुना अधिक है जिन्हें बांग्लादेश के प्रशासन ने दर्ज नहीं किया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब एक दिन पहले पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक मुकुट दुर्गा पूजा समारोहों के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था, जिस पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आ'गन के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है। समारोह का समापन रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ होगा। बता दें कि अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं। हिंदुओं को 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन के बाद भड़की छात्र-नेतृत्व वाली हिंसा के दौरान अपने व्यवसायों और संपत्तियों की बर्बरता और मंदिरों के विनाश का सामना करना पड़ा।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमडी मोइनुल इस्लाम ने कहा कि 1 अक्टूबर से देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण 11 मामले दर्ज किए गए हैं। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा मुकुट बरामद करने का आग्रह किया। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस ने पूजा के दौरान ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और आरोपी को सजा मिलकर रहेगी। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर अनेक अप्रिय घटनाएं देखने को मिली हैं। ढाका में शुक्रवार को दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका गया। घटना में एक शख्स घायल हुआ। वहीं चैटोग्राम में एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामिक गाना बजाया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। 7 लोगों पर मुकदमा हुआ है। आपको बता दें कि बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से दुर्गा पूजा समारोह के दौरान दर्ज की गई 35 अप्रिय घटनाओं का उल्लेख किया। मोहम्मद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया था, जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि 'हिंदू अल्पसंख्यकों के पर्व पर उनके समारोहों की सुरक्षा की जाएगी। देश में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया गया है।' मोहम्मद इस्लाम का बयान ऐसे समय में आया है, जब दो दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के मंदिर में चढ़ाया गया स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान चुरा लिया गया था। स्वर्ण मुकुट चोरी होने की घटना से बांग्लादेश हिंदू दुखी हो गए। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से गुहार लगाई। इस घटना पर भारत सरकार ने भी चिंता व्यक्त की है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस बयान को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में पूजा मंडप पर हमले और हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने तथा उन्हें क्षति पहुंचाने पर हमारा बयान'। विदेश मंत्रालय के इस बयान में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले और चोरी की निंदा करते हुए, बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, ''हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना को गंभीर चिंता के साथ देखा है। ये निंदनीय घटनाएं हैं। हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं कि वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने में व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं। खासकर इस शुभ त्योहार के समय, हम बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।''

बीते दो दिन से बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हुए सोने के मुकुट की चर्चा हो रही है। सोने का वो मुकुट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान काली मां के मंदिर को भेंट किया थाइस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। भारत ने चोरी की घटना पर आपत्ति जताई है। मंदिर से मुकुट चोरी के सीसीटीवी विडियो में जींस और टी-शर्ट पहने एक लड़का मंदिर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है। मुकुट को उठाने के बाद वह उसे अपनी टी-शर्ट के अंदर छिपा लेता है और फिर आराम से मंदिर से निकल जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार स्वरूप भेंट किए गए मुकुट की चोरी के मामले में भारत ने बांग्लादेश से जांच करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने धार्मिक वस्तु की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा अधिकारियों से उसे बरामद करने और तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसमें कहा गया, 'हमने 2021 में बांग्लादेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखीरा) में भेंट किए गए मुकुट की चोरी की खबरें देखी हैं।'इसमें कहा गया है, 'हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट को बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।' भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि चोरी की इस कथित घटना से नयी दिल्ली बहुत चिंतित है। उन्होंने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग इस मुद्दे पर बांग्लादेशी अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस



सुरेश हिन्दुस्थानी

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खास सफलता नहीं मिली। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी, लेकिन वहां अनुच्छेद 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू -कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिलाजुला जनादेश मिला है। वहीं, हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सच है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर



जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिल्कुल दोस्त जैसे हैं, लेकिन जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी। हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देशभर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे। कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं। हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता साफ है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ ठीक नहीं था। भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर इस माहौल को परिवर्तित करने का प्रयास किया। भाजपा का यह कदम उसके लिए संजीवनी का काम कर गया। वहीं, कांग्रेस की कमजोरी यह भी रही कि वह राजनीतिक वातावरण का अध्ययन करने में चूक गई। हरियाणा में कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व गुटों में विभाजित है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा स्वयं को कांग्रेस का सर्वेसर्वा मानकर राजनीति करते रहे।

यही कांग्रेस के आत्मघाती साबित हुआ। अब कांग्रेस के नेताओं को यह सिखाने की आवश्यकता है कि बदले हुए राजनीतिक हालात में राजनीति कैसे की जाती है, क्योंकि अब राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। देश के कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ आना नहीं चाहते। राजनीतिक मजबूरी उनको साथ बनाए हुए है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा



आरके सिन्हा

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ।

दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों



का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार करना शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े। इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमैन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो 'माई डियर जेआरडी' के नाम से प्रसिद्ध है। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि 'आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हैं। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊंची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूं कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे।' स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज 'इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस' के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यों पर फोकस करना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई



प्रहलाद सबनानी

भारतीय परंपरा में, ''आश्विन शुक्ल दशमी'' को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। इसी प्रकार द्वापर युग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही मनाया जाता है। विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था।

विजयादशमी के दिन ही परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी अर्थात राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2024 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है।

मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षों तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे' अर्थात कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है।

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ''हिंदू'' शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बीसी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि ''सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।''

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए ''स्व'' के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय।

संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, ''हिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं है ङ्खङ्ख यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।''

वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधाभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कृतत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुनः मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। हाल ही के समय में हिंदू समाज में दिखाई दे रही एकरसता के चलते भारत का रुतबा वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, यह परिणाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अमेरिका, रूस, जापान, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स जैसे पश्चिमी देशों के नाम ही सुनाई देते रहे हैं। यूनाइटेड नेशन्स में वीटो पावर भी इन्हीं देशों के पास रही है। भारत का इस दृष्टि से दूर दूर तक नाम दिखाई नहीं देता था। परंतु, आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। ''एशिया पावर इंडेक्स 2024'' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि भारत का विकास स्पर्धा के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में अच्छा वातावरण बनाने तथा शांति स्थापित करने के लिए है क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में अनुष्ठान संपन्न



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी गायत्री शक्तिपीठ अनुष्ठान संपन्न नवरात्रि स्थापना 3,10 ,24 से पूजन, अनुष्ठान, साधना जप आदि कार्यक्रम गायत्री परिजनों द्वारा अनवरत किए जा रहे थे। रविवार को अखंड साधना के कार्यक्रम में परिजनों ने बड़े समर्पण और श्रद्धा भाव से भाग लिया । आज शनिवार 12 अक्टूबर 2024 को नवमी दशमी के पूजन के साथ ही अनुष्ठान का यज्ञ करके पूर्णाहुति दी गई ।शांतिकुंज हरिद्वार के अनुसार परिजनों ने यज्ञ में भाग लिया एवं कन्या लांगुराओं को प्रसादी कराई गई। इस कार्यक्रम में बुराइयों को छोड़ना अच्छाइयों को ग्रहण करना, वातावरण परिष्कार, उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा, मुख्य समन्वयक प्रभाकर दीक्षित, रामजी लाल सिंगल, द्वारिका प्रसाद गोयल, व्यवस्थापक रामबरन सिंह परमार, राधेश्याम गोयल बचत डॉ. संजय कुमार, मुरारीलाल तिवारी, उमा देवी सेवर, रामदास तिवारी, मुकेश सिंह परमार, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, दीपिका, सेवा हरि, लोकेंद्र सिंह परमार अरुण कुमार, शुक्ला रेखा, शुक्ला बाबा केदार गिरि एवं ज्ञान प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा सम्मान समर्पण एवं मनोयोग के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर कन्या लांगुराओं को प्रसादी करा के पूजन किया।

### बाडी महाराणा प्रताप स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित




**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी महाराणा प्रताप स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाडी एसडीएम दुर्गा प्रसाद मीणा, विशिष्ट अतिथि के रूप मे अधिशासी अधिकारी रविन्द्र सिंह, बाडी कार्यवाहक थाना प्रभारी जगदीश सागर, हरवीर सिंह चौकी इंचार्ज बाड़ी, चेयरमैन होतम सिंह जाटव , बाइस चेयरमैन अहमद जमा खां, राजवीर सिंह जाटव, तथा समस्त पार्षद गण एवं संवेदक मौजूद रहें। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की संख्या अच्छी खासी दिखाई दी, मथुरा से आई मनमोहक झांकियो के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम आयोजित किए गए, युवा कार्यक्रम देखने से ज्यादा वीडियो बनाते नज़र आये, फिर उसको फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने का चस्का चरम पर है, कर्ज़ में डूबी नगरपालिका विभिन्न प्रकार के आयोजन कराने में कोई कमी नहीं छोड़ती, जिससे जनता का मनोरंजन हों सके। शिकार कम के मौके पर सीताराम शर्मा सफाई निरीक्षक, नरेंद्र सिंह, राधा रमन, मनीष कुमार तरुण, बादशाह, बड़ी शहर बाड़ी शहर के हजारों महिला / भाग लिया, आज के कार्यक्रम का मंच संचालन बाबूलाल कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया।

### 'श्रीमती प्रतिभा सोनी एडवोकेट लैंगिक उत्पीड़न ( निवारण, प्रतिफा , प्रतितोष ) समिति की सदस्य मनोनीत '

**चमकता राजस्थान। गंगापुर सिटी ।** शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर और जिला कलक्टर गंगापुर सिटी ने एक अधिसूचना जारी कर कामकाजी महिलाओं के लैंगिक उत्पीडन (निवारण ,प्रतिफा , प्रतितोष ) समिति का एडवोकेट प्रतिभा सोनी को सदस्य मनोनीत किया है ।इनका कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा ।इनका कार्य क्षेत्र संपूर्ण जिला गंगापुर सिटी रहेगा । प्रतिभा सोनी को सदस्य मनोनीत किए जाने का यह समाचार सुनकर बार एसोसिएशन गंगापुर सिटी समेत समूचे गंगापुर सिटी जिला समेत आसपास क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, अधिवक्ता मंच के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट धनेन्द्र पाण्डेय ,अनिल दुबे ,वरिष्ठ एडवोकेट एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बी एन दीक्षित , एडवोकेट ,तारा रानी ,पवन शर्मा, वैशाली शर्मा ,मीना शर्मा , तरूण शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा , राजकुमार सोनी , राजेन्द्र सोनी , सुरेश चन्द मंगल , अभिमन्यु शर्मा, ओमप्रकाश सोनी तलावड़ा ,राजदीप, जयप्रकाश शर्मा, समेत , पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर , नगर परिषद् सभापति शिवरतन अग्रवाल , समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जनो ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है । उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता प्रतिभा सोनी अपने कार्य को कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वाह कर रही है। इसके अलावा समर्पित भाव से समाज सेवा कर रही है।




# सार्वजनिक निर्माण विभाग अतिरिक्त मुख्य अभियंता ज़ोन प्रथम अनुपम गुप्ता ने ली पीडब्ल्यूडी कैंपस की सुध

**चमकता राजस्थान की खबर का असर**

## पीडब्ल्यूडी कैंपस में रिपेयरिंग के काम शुरू

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में अतिरिक्त मुख्य अभियंता जोन प्रथम जयपुर अनुपम गुप्ता ने पद संभालने के बाद चमकता राजस्थान अख़बार में छपी ख़बर पर संज्ञान लेते हुए कैंपस में रिपेयरिंग कार्य शुरू करवा दीये हैं। अभी हाल ही में विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने पूरे कैंपस का दौरा कर बिल्डिग में रिपेयरिंग के निर्देश दिए थे , उन्होंने मुख्य बिल्डिग में स्थित कैंटीन की फाल्स सीलिंग,मुख्य अभियंता कार्यालय की फ़ाल्स सीलिंग तथा अन्य कार्य को शुरू करवाने आदेश दे दिए हैं और कार्य शुरू हो गया है !ज्ञातव्य है कि अधिशासी अभियंता सिटी प्रथम के बाथरूम के ऊपर का प्लास्टर गिरा हुआ था उसी के ऊपर दूसरे बाथरूम की छत का सरिया तक नीचे झुक गया था जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था।





# नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन ने मान्यता चुनावो के लिए नामांकन भरा

**जो काम किए है, उसके आधार पर मांगेंगे वोट : माथुर**



चमकता राजस्थान

जयपुर। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने कहा कि गत अवधि में रेल कर्मियों के हित में किए गये कार्यो एवं बकाया मांगो को हासिल करने के संकल्प के बलबूते पर एन डब्ल्यू आर ई यू को पुनः मान्यता दिलाने के लिए चुनाव लडेंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व जंक्शन स्टेशन परिसर में एक हजार से अधिक रेलकर्मियों की सभा को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि जिन संगठन ने कर्मचारियों के लिए कुछ नहीं किया है, वे ही नकारात्मक प्रचार करते है। उन्होनें कहा कि हमारी यूनियन किसी राजनैतिक पार्टी से संबंधित नहीं है। इसी कारण केन्द्र में स्थापित विभिन्न सरकारों के विरूद्ध संघर्ष करके हमने रेलकर्मियों के लिए अनेक उपलब्धियां हासिल करने में सफलता पाई है। हमारी यूनियन के कैडर की रग-रग संघर्ष से भरी हुई है। उन्होनें कहा कि आठवां वेतन आयोग गठित कराने, यूपीएस में आवश्यक सुधार कराने सहित विभिन्न कैटेगिरी के कर्मचारियों की बकाया मांगों को हासिल करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होगा। जोनल अध्यक्ष मनोज परिहार ने कहा कि जीडीसीई के माध्यम से दो हजार से अधिक रेल कर्मचारी जिसमें 80% से अधिक ट्रैक मेन्टेनर है, की केटेगिरी परिवर्तन कराकर उच्च पद पर पदोन्नति दिलाने का कार्य यूनियन ने किया है। जोनल स्तर पर यूनियन ने कई ऐसे उल्लेखनीय कार्य कराए है जिसकी लोग कल्पना भी नही कर सकते। सभा को कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, अरूण गुप्ता, मीना सक्सैना, मोहन चेलानी, प्रमोद यादव, जगदीश सिंह, के.एस. अहलावत, चेतराम मीना, महेन्द्र व्यास, शशिप्रकाश, राजीव शर्मा, आर के सिंह, पी एस नरुका, राजीव सारण, मदन गुर्जर, गजानन्द मावर, कमलेश शर्मा, दिनेश सिंह आदि ने संबोधित किया। विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि यूनियन ने सिर्फ सपने ही नहीं दिखाए है, बल्कि उन्हें हकीकत में भी बदला है। यही कारण है कि हमारा फेडरेशन बिना किसी राजनैतिक पार्टी के समर्थन के 100 से अधिक वर्षों से जिन्दा है। उन्होनें कहा कि विभिन्न वेतन आयोग के माध्यम से रेल कर्मियों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का कार्य एआईआरएफ ने किया है। राष्ट्रीय अवकाश होने के बाद भी इतनी भारी संख्या में कर्मचारियों की सभा में उपस्थिति चर्चा का विषय रही।

नामांकन सभा के बाद सैकड़ों कर्मचारी रैली के रूप में उत्तर-पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय पहुंचे एवं रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह को यूनियन का नामांकन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा से नारायण सिंह, सुनील माथुर, इन्द्रपाल सिंह, प्रेम नारायण, उत्तम बाथरा, पवन जुनेजा, योगेश शर्मा, अशोक चौधरी, चेतन वर्मा, महेश बोहरा, बिपिन परमार,अमर कुमार झा, दौलत सिंह , दान सिंह, मोहन शर्मा, शैलेंद्र जोशी, धर्मेश बैरवा, शिव कुमार, राजकुमार, मुकेश कुमार, शंकर लाल, बाबूलाल, राकेश कुमार, अजय सिंह, धूलेश्वर मीना, मनोज मीना, विशाल पारवानी, सोनल माथुर, चाँदनी सिंघल, विभा तापड़िया, पारुल माथुर, आरती अग्रवाल, जमना कंवर, लक्ष्मी धाभाई सहित प्रधान कार्यालय के कर्मचारी बड़ी तादात मे उपस्थित रहे।

### शारदीय नवरात्र में नौ दिन पूजा अर्चना कर दशहरा के दिन किए भंडारे




**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी नवरात्र और राम कथा में सामूहिक कार्यक्रमों में मातारानी की पूजाः बीएस गार्डन में हुआ गरबा नृत्य, डांडियां की धुन पर थिरके लोग, राम कथा का आयोजन दो जगह बीएस गार्डन और गुमट चामड माई मंदिर रेलवे क्रॉसिंग पर किया जा रहा है। बाड़ी शहर में शारदीय नवरात्रि के दौरान सामूहिक कार्यक्रमों में मातारानी की उपासना समाप्त हुई है। आज की पूजा- अर्चना कर शहर के बसेड़ी रोड स्थित बीएस गार्डन में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में शनिवार रात को गरबा नृत्य और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने जब मनोहारी प्रस्तुतियां दीं, तो युवतियां और महिलाएं अपने आपको थिरकने से नहीं रोक सकीं। पूरा कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। वहीं, शहर के तुलसीवन रोड पर बम बम बाबा मानस भवन आश्रम पर काली माई की पूजा-अर्चना का दौर भी चल रहा है।

राजराजेश्वरी मंदिर पर रात्रि जागरण बाड़ी शहर के आस्था का केंद्र राजराजेश्वरी मंदिर पर प्रतिदिन जगदंबा मंडल ट्रस्ट द्वारा रात्रि जागरण किया जा रहा है। इसमें शहर के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी राधेश्याम चांसोरिया ने बताया कि माता रानी के शारदीय नवरात्रि में प्रतिदिन यह जागरण ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। शहर से 3 किलोमीटर दूर तुलसीवन रोड स्थित बम, बम बाबा मानस भवन आश्रम पर पहली बार भक्तों के सहयोग से काली माई की सामूहिक स्थापना की गई है। यहां रोज सुबह और शाम आरती के साथ भजन- कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत बम -बम बाबा ने बताया कि यह आयोजन भक्तों के सहयोग से किया गया है, साथ ही अखंड रामायण पाठ भी विगत एक वर्ष से अधिक समय से चल रहा है। शारदीय नवरात्र में मातारानी की भक्ति पर विशेष जोर इस बार शारदीय नवरात्र में मातारानी की भक्ति को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर मातारानी की सामूहिक स्थापना की गई है, जहां रोज सुबह-शाम आरती के साथ विशेष आयोजन किए जा रहे थे। यहां तक कि घरों में भी मातारानी की स्थापना कर पूजा-अर्चना और नवदुर्गे उपवास का दौर चल रहा था। (कथा वाचक उर्मिला शास्त्री) समिति शिवकुमार, माखनलाल, मुकेश कुमार मित्तल भगतूपुरा वाले, महेश हेमंत, नीरज, संजय, रामकुमार, रामसेवक, देवेंद्र, जितेंद्र, नीरज, कुसुम मंगल, साधना, मंजू सिंगल, शिप्रा, मंजू सिंगल, मीराबाई, राधा गर्ग, अर्चना गोयल, कुसुम, हेमलता, भारती, लक्ष्मी बर्मा, गीता, नर्मदा, धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सभी प्रतिमाओं का विसर्जन पार्वती नदी में किया गया। आज सभी जगह माता रानी के दरबार में भंडारे आयोजित हुए।

# कांग्रेस जातिवाद की और भाजपा विकास की करती है राजनीतिः डॉ राधामोहन दास अग्रवाल

**कार्यकर्ता ही भाजपा की मुख्य ताकत, उपचुनाव में हासिल करेंगे शानदार जीतः मदन राठौड़**

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राज्य की 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक मुख्यमंत्री निवास पर संपन्न हुई। कोर कमेटी की बैठक को भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने कमेटी सदस्यों के साथ चर्चा की।

बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने सत्ता और संगठन के बेहतर तालमेल का उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बीच बेहतर सामांजस्य देखने को मिल रहा है। संगठन सरकार के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का भी कार्य करता है तो आमजन की समस्याओं को भी सरकार तक पहुंचाता है। ऐसे में वर्तमान सरकार के साथ संगठन का बेहतर तालमेल देखने को मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस जातिवाद की और भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में निर्णय थोपे नहीं जाते बल्कि सबकी सहमति के साथ ही पार्टी किसी निष्कर्ष पर पहुंचती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा शासन के 9 महीने के बेमिसाल और अभूतपूर्व विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाएं। सरकार ने हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य किए है फिर चाहे वाले गरीब हो, दलित हो या फिर महिला हो। अग्रवाल ने कहा कि हमें जातिवाद से उपर उठकर विकासवाद की ओर एक साथ आगे बढ़ना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस उपचुनाव में शानदार जीत हासिल करने की ओर बढ़ रही है। हरियाणा की तरह राजस्थान में भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ेगी। कांग्रेस के झूठ और भ्रम का नकाब अब उतर जाएगा। उन्होंने कहा कि सातों विधानसभा सीट के हर बूथ पर माइक्रो मेनेजमेंट के साथ कार्य करने की रणनीति बनाई गई है। पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है और कार्यकर्ता ही पार्टी की मुख्य ताकत है। भाजपा में कार्यकर्ता एक परिवार की तरह कार्य कर रहे है। ऐसे में भाजपा के बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत से सभी उपचुनावों की सीटों पर कमल खिलेगा। बैठक में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, सांसद भागीरथ चौधरी, राजेन्द्र गहलोत, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े। बेहद सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हुई इस बैठक में उपचुनाव के प्रमुख मुद्दों एवं पार्टी की रणनीति पर गहन मंथन हुआ। बैठक में पार्टी के विभिन्न नेताओं ने भी अपने विचार एवं सुझाव व्यक्त किए।

# सपा और कांग्रेस का गठबंधन रहेगा बरकरार : अखिलेश यादव



**लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी और विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की सहयोगी कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा। दरअसल, उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। सपा द्वारा बुधवार को इनमें से छह सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद सपा और कांग्रेस के गठबंधन के बरकरार रहने को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच अखिलेश का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

## सपा और कांग्रेस का गठबंधन रहेगा: अखिलेश

अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में अपने पिता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत की। इस दौरान कांग्रेस से गठबंधन जारी रहने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'आज समय नहीं है इस पर चर्चा का। मगर जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है तो मैं कहना चाहूंगा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन रहेगा।'

सपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के एक दिन बाद बुधवार को उपचुनाव वाली 10 में से छह सीटों फूलपुर, मझवां, करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर और सीसामऊ पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये। कांग्रेस उनमें से फूलपुर और मझवां सीटों पर दावेदारी कर रही थी। ऐसे में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगायी जा रही थीं। सपा और कांग्रेस ने 'इंडिया' के तहत पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने कहा, हरियाणा चुनाव पर चर्चा अभी करना ठीक नहीं है। जब हम मिलेंगे तो चर्चा होगी।






## 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने किया संन्यास का एलान

**मुल्तान।** महान टेनिस स्टार राफेल नडाल ने संन्यास का एलान कर दिया है। 38 साल के नडाल ने एक इमोशनल वीडियो जारी करते हुए सभी फैंस को शुक्रिया कहा। 22 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे नडाल ने बताया कि डेविस कप उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, जो उनके देश स्पेन में ही खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के नॉकआउट राउंड्स 10 से 24 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। नडाल ने अपने एक्स पर लिखा कि मैं प्रोफेशनल टेनिस से रिटायर हो रहा हूं। पिछले कुछ साल काफी मुश्किल भरे रहे हैं। खासतौर से पिछले 2 साल में चुनौतीपूर्ण रहा। यह एक बहुत ही मुश्किल फैसला है, लेकिन जीवन में हर चीज की शुरुआत और अंत होती है। दरअसल, टेनिस के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक राफेल नडाल ने खेल से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने एक इमोशनल वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने शानदार करियर के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस दौरान अपने हालिया संघर्षों और खेल के कारण अपने शरीर पर पड़ने वाले शारीरिक प्रभाव के बारे में भी बताया। बता दें कि राफेल का ये आखिरी सीजन होने वाला है और उनका अंतिम पेशेवर मैच नवंबर में डेविस कप फाइनल में होगा।



## टूट गया 39 साल का महारिकॉर्ड

### टेस्ट क्रिकेट में जो रूट और हैरी ब्रूक ने रच दिया इतिहास




**मुल्तान।**

पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रूक ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से गदर मचा दिया। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ हैरी ब्रूक और जो रूट का भयंकर तूफान देखने को मिला है। इन दोनों ही बल्लेबाज ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने-अपने दोहरे शतक पूरे किए। इसी के साथ ही जो रूट और हैरी ब्रूक ने इतिहास रच दिया है। हैरी ब्रूक और जो रूट ने मिलकर टेस्ट क्रिकेट में 39 साल पुराना महारिकॉर्ड तोड़ दिया है. 1985 के बाद यह पहला मौका है जब इंग्लैंड के दो बल्लेबाजों ने एक ही टेस्ट पारी के दौरान अपने-अपने दोहरे शतक पूरे किए हैं. लंच ब्रेक तक जो रूट ने 368 गेंदों में 259 रन बना लिए हैं. वहीं, हैरी ब्रूक 257 गेंदों में 218 रन बनाकर नाबाद हैं. हैरी ब्रूक और जो रूट के बीच चौथे विकेट के लिए 409 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है. लंच ब्रेक तक पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 130 ओवर में 3 विकेट पर 658 रन बना लिए थे। जो रूट और हैरी ब्रूक ने एक ही टेस्ट पारी के दौरान अपने-अपने दोहरे शतक पूरे कर इतिहास रच दिया है।

## फोर्ब्स ने जारी की 2024 की भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची

### मुकेश अंबानी पहले स्थान पर जबकि दूसरे स्थान पर हैं गौतम अडानी

**नयी दिल्ली।**

फोर्ब्स की 2024 की सबसे अमीर भारतीयों की सूची में मुकेश अंबानी पहले स्थान पर हैं, गौतम अडानी दूसरे स्थान पर हैं । फोर्ब्स ने अपनी 2024 की भारत के 100 सबसे अमीर सूची जारी की है, जिसमें दिखाया गया है कि देश के दिग्गजों की संपत्ति सामूहिक रूप से ट्रिलियन डॉलर के मील के पत्थर को पार कर गई है। भारत के सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति ट्रिलियन डॉलर के मील के पत्थर को पार करते हुए 1.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह 2019 में उनके मूल्य का दोगुना है, अकेले पिछले 12 महीनों में लगभग 316 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। देश के सबसे अमीर सख्श और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने फोर्ब्स की लिस्ट में नंबर 1 पर जगह कायम रखी है, फोर्ब्स 2024 के 100 सबसे भारतीय टाइकून के लिस्ट में सबसे टॉप पर मुकेश अंबानी है। फोर्ब्स रिपोर्ट के अनुसार अडानी पिछले एक साल में सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाले शख्स है । अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी का नेट वर्थ 116 बिलियन बिलियन डॉलर है । गौतम अडानी ने अपने भाई विनोद अडानी के साथ नेट वर्थ में कुल 48 बिलियन डॉलर जोड़े।



# हरियाणा में कॉंग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी का फूटा गुस्सा

## कहा- पार्टी की जगह नेताओं ने देखा अपना हित



**नयी दिल्ली।**

हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली हार की कांग्रेस वजह तलालने में जुटी हुई है। गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली हार को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने इस बैठक में नेताओं को खरी-खरी सुनाई है। राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं ने पार्टी की जगह अपना हित पहले देखा है।

### पार्टी नहीं पहले अपना हित देखा : राहुल

» बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया। दरअसल, यह बात राहुल गांधी ने किसी भी नेता का नाम नहीं लेकर कही है। वहीं बैठक की जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि नतीजों के बाद हमने समीक्षा बैठक की है। सारे एग्जिट पोल हमको जिता रहे थे, हम जीत को लेकर आश्वस्त भी थे। हमने हार की समीक्षा की है। ईवीएम से लेकर नेताओं में मतभेदों पर भी बैठक में चर्चा हुई है। आगे क्या करना है वो जल्दी सामने रखेंगे।

### ये नेता थे बैठक में मौजूद

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली हार को लेकर पार्टी की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन और अशोक गहलोत मौजूद रहें।





## संक्षिप्त खबरें

### रुड़की-लक्सर रेल लाइन पर मिला गैस सिलेंडर



**हरिद्वार।** रुड़की-लक्सर रेलवे ट्रैक पर एक गैस सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि सिलेंडर खाली था। घटना कल सुबह की है। लेकिन अधिकारियों ने यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक की। भुचड़ी रेलवे स्टेशन के निकट ढंडेरा में लक्सर-रुड़की रेलवे ट्रैक पर एक खाली तीन किलोग्राम का गैस सिलेंडर पड़ा मिला। घटना के बाद आरपीएफ, जीआरपी व सुरक्षा बल तुरंत हरकत में आ गए। ट्रेक पर गैस सिलेंडर होने की जानकारी सबसे पहले एक मालगाड़ी चालक ने रेलवे सुरक्षा बल को दी, जिसके बाद एहतियातन आसपास भी रेलवे ट्रैक खंगाला गया, लेकिन दूसरी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। रेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। हरिद्वार के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) स्वप्न किशोर ने बताया कि रुड़की-लक्सर रेल मार्ग के बीच में तीन किलोग्राम का एक छोटा सिलेंडर पड़ा हुआ था, जिसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ व पुलिस की टीमें मौके पर पंहुची और सिलेंडर को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया इसमें कोई साजिश नजर नहीं आ रही है, फिर भी मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री ने की सराहना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे होने की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के एक पोस्ट और मायगोव की एक थ्रेड पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।'

### भागवत 16 व 17 अक्टूबर को सूरत के दौरे पर



**सूरत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 16 एवं 17 अक्टूबर को सूरत के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां कुछ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख विजय ठाकर ने रविवार को बताया कि डॉ. मोहन भागवत 16 अक्टूबर की शाम को सूरत आएंगे। वे 17 अक्टूबर को सुबह जैन आचार्य महाश्रमण से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे जैन समाज के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। 17 अक्टूबर की शाम को वे पर्यावरण संबंधी एक गोष्ठी में उपस्थित रहेंगे। बाद में स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों के साथ उनकी मुलाकात का कार्यक्रम भी है। देर शाम वे सूरत से प्रस्थान करेंगे।

### बीएसएफ जवान ने खुद को मार ली गोली

**श्रीनगर।** कश्मीर के हंदवाड़ा जिला में पुलिस लाइन्स (डीपीएल) में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने रविवार को अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा कि बीएसएफ जवान को उसके सहकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया जिसके बाद उसे जिला अस्पताल हंदवाड़ा ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई। यह जवान जिसकी पहचान अभी गुप्त रखी गई है 127 बटालियन का हिस्सा है।

### मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी, कोई हताहत नहीं



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस ट्रेन में कोई यात्री नहीं था और यह कारशेड की ओर जा रही थी, इसलिए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब 12.10 बजे एक लोकल ट्रेन प्लेटफार्म एक से कारशेड की ओर जा रही थी। लोकल के पीछे के दो डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। इससे रेलवे डिब्बों के साथ रेलवे पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। टीम का मरम्मत कार्य जारी है। इस घटना से प्लेटफार्म एक से जाने वाली लोकल सेवा प्रभावित हुई है। पश्चिमी रेलवे के अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं और यथाशीघ्र सामान्य रेल परिचालन बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'काजिंद' संपन्न

एजेंसी

**देहरादून/जोशीमठ।** भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण रविवार को सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड, औली में संपन्न हुआ। इस दौरान संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा और आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना को लेकर अभ्यास किया गया।




यह अभ्यास 30 सितंबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। पिछला संस्करण जुलाई, 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। कुल 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के अलावा अन्य सेवाओं के कर्मियों की ओर से किया गया था जबकि 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तान टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से सैन्य बल, वायु रक्षा बल और एयरबोर्न असॉल्ट सैन्य कर्मियों की ओर से किया गया था।

अभ्यास काजिंद का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय आठ के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना था। संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित था। संयुक्त प्रशिक्षण से जो उद्देश्य प्राप्त हुए उनमें उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।

अभ्यास के दौरान किए गए सामरिक अभ्यास में एक परिभाषित क्षेत्र पर कब्जा करने की कार्रवाई, आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, एक संयुक्त आदेश चौकी की स्थापना, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा, फ्री फॉल और विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशन शामिल थे। अभ्यास में घेराबंदी और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन का इस्तेमाल और ड्रोन विरोधी प्रणाली का उपयोग भी शामिल रहा। संयुक्त अभ्यास ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद की। इससे रक्षा सहयोग का स्तर भी बढ़ा, जिससे दोनों मित्र राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिली है।

संयुक्त अभ्यास के समापन समारोह में कजाकिस्तान सेना के उप प्रमुख कर्नल डी खमितोव, कजाकिस्तान सेना के दक्षिणी कमान के क्षेत्रीय बल कमांडर कर्नल नुरलान करिबयेव और ब्रिगेडियर उपिंदर पाल सिंह, कमांडर 116 इन्फेंट्री ब्रिगेड ने मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गई है। उसे पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस की चार टीमों को रवाना किया गया है। आरोपितों में एक का संबंध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे देखते हुए फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात हमलावरों ने बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड फायर किया था। इनमें से तीन गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगी, जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी। इसके बाद तत्काल घायल बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई थी। घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की पहचान करनैल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गई है। इस घटना में तीसरा आरोपित दूर से मॉनिटर कर रहा था, जो फरार है। उसकी पहचान शिवा के रूप में की गई है।

**● सलमान खान के आवास पर भी बढ़ी सुरक्षा**



अब तक जांच में पता चला है कि आरोपित बाबा सिद्दीकी के कार्यालय और घर की एक महीने से रेकी कर रहे थे। इनमें से दो आरोपित कुर्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हत्या मामले में चार आरोपित शामिल हो सकते हैं।

मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर ने रविवार सुबह घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त देवेन भारती सहित वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक के बाद इस हत्या मामले की छानबीन के चार टीमें गठित की गईं और चारों को उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में भेज दिया गया है। क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक मामले की छानबीन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म अभिनेता के आवास के बाहर फायरिंग की गई थी, इसलिए सलमान खान के बाहर भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जानकारी के अनुसार बाबा सिद्दीकी ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, इसलिए उन्हें मुंबई पुलिस की वाई स्तर की सुरक्षा दी गई थी। इसके बाद भी जहां बाबा सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर, जहां उनकी हत्या की गई वहां की स्ट्रीट लाइट बंद थी और सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। इसकी काफी चर्चा की जा रही है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क किया

एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व में और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आने के बाद मुंबई पुलिस ने हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क किया है। हरियाणा और यूपी पुलिस की एसटीएफ पकड़े गए दोनों संदिग्धों की गतिविधियों और उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इस बीच, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल भी बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में शामिल हो गई है। दिल्ली पुलिस की एक टीम जांच के लिए मुंबई आएगी।

इस मामले में गिरफ्तार किया गया गुरमेल सिंह हरियाणा से और धर्मराज कश्यप उत्तर प्रदेश से हैं। इन दोनों ने बाबा सिद्दीकी के घर और दफ्तर की रेकी की थी और वे डेढ़ से दो महीने से मुंबई में रहकर उन पर नजर रख रहे थे। इस मामले का तीसरा आरोपित शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है, उसकी तलाश जारी है। मुंबई क्राइम ब्रांच की कई टीमें इस मामले की जांच कर रही हैं। घटना के संबंध में निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में अपराध पंजीकरण संख्या 589/2024 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 109, 125 और 3(5) के साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा 3, 25, 5 और 27 तथा महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37 और 137 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मुंबई क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से पिछले 8 घंटों से पूछताछ कर रहे हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि इन्हें इस काम के लिए पहले से पैसे दिए गए थे। साथ ही इनमें दो कुर्ला में किराये पर घर लेकर पिछले एक महीने से रह रहे थे। इनमें से शिव कुमार और धर्मराज कश्यप ने पुणे में स्क्रैप डीलर के रूप में भी काम किया था। दोनों आरोपितों का पुलिस ने मुंबई के जीटी अस्पताल में इलाज करवाया है और दोनों को कोर्ट में भेजने की तैयारी कर रही है।

## नायब 17 अक्टूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम तीसरी बार बदलाव के साथ अब तय हो गया है। नायब सैनी और उनके मंत्री अब 17 अक्टूबर को पंचकूला में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे।



इससे पहले 12 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह के लिए परिवहन विभाग द्वारा सभी जिलों में रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र जारी करते हुए बसों की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद कार्यक्रम में बदलाव हुआ और पंचकूला में 15 अक्टूबर को आयोजित करने की बात कही गयी। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की तरफ से शुक्रवार को एक पत्र जारी करके पंचकूला के जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में एक आयोजन कमेटी का गठन तक कर दिया गया था। यह कमेटी अपने कार्यों में जुटी हुई थी। इस बीच शनिवार को फिर से कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अब 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण रखा गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद ही पंचकूला में यह कार्यक्रम तय किया जा रहा है।

## लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले के विरोध में भारत

# 34 देशों के साझा बयान को दिया समर्थन

एजेंसी

**बेरुत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में अपने सैनिक भेजने वाले 34 देशों ने शांति सैनिकों पर इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को संयुक्त बयान जारी किया। भारत ने इस संयुक्त बयान को पूरा समर्थन देते हुए कहा है कि वह पूरी तरह इसके साथ है। भारत के 903 सैनिक यूएनआईएफआईएल के तहत लेबनान में तैनात हैं।

इसराइल-लेबनान सीमा पर बिगड़ते हालात को लेकर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए इसराइली कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान पर अपनी सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 'एक प्रमुख सैनिक योगदान देने वाले देश के तौर पर भारत, 34 सैन्य योगदान देने वाले देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान से पूरी तरह से सहमत है।' शांति सैनिकों की सुरक्षा को सबसे अहम मानते हुए भारत ने कहा है कि इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के हिसाब से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल-हिजबुल्लाह बीच चल रही जमीनी संघर्ष में नकौरा स्थित यूएनआईएफआईएल मुख्यालय पर भी हमले हुए। इन हमलों में कम से कम पांच शांति सैनिक घायल हुए हैं। इजरायली ने भी स्वीकार किया है कि उसके हमले में शांति सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल से लेबनान में शांति सैनिकों पर गोलीबारी बंद करने की अपील की है।

शांति सैनिकों के बल में दर्जनों देशों के करीब 10 हजार सैनिक हैं जिनमें दूसरी सर्वाधिक संख्या भारतीय सैनिकों की है। इसमें करीब 900 भारतीय सैनिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल में हमास व हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर भारत ने बेहद संतुलित रूप से फैसला लिया है लेकिन शांति सैनिकों पर हमले के बाद भारत का स्टैंड अलग दिख रहा है।

## सिद्दीकी हत्या मामले में शिंदे, फडणवीस दें इस्तीफा : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र में कड़ी सुरक्षा से लैस पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या गंभीर मुद्दा है और इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा सिद्दीकी को वाई श्रेणी की सुरक्षा हासिल थी, इसके बावजूद सुरक्षा में सेंध लगाकर उनकी हत्या की गई है, जो अत्यंत गंभीर है।

उन्होंने कहा, 'बाबा सिद्दीकी को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। ये वारदात किसी सुनसान बीहड़ की नहीं बल्कि मुंबई के बांद्रा की है। बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और पूर्व मंत्री थे। उन्हें वाई लेवल की सिक्योरिटी मिली हुई थी इसके बावजूद उनकी हत्या कर दी गई। सवाल है कि यदि वाई लेवल की सिक्योरिटी से लैस व्यक्ति के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी का क्या होगा।' कांग्रेस नेताओं ने कहा, 'आज महाराष्ट्र की महायुति सरकार में हर व्यक्ति डर के साए में जी रहा है। डबल इंजन सरकार का दावा करने वाले गृह मंत्री खामोश हैं। देश में कल विजयदशमी का त्योहार था, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन महाराष्ट्र में कल जो हुआ वो सबने देखा।

**समुद्री अभ्यास** > बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार' के बंदरगाह चरण में शामिल हुईं चारों नौसेनाएं

# क्वाड देशों ने समुद्री सहयोग मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्वाड देशों की नौसेनाओं ने विशाखापट्टनम में चल रहे बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार' के बंदरगाह चरण में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी समुद्री सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। भारत की मेजबानी में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नौसेना प्रमुखों ने हिंद-प्रशाते और मालाबार के भविष्य के संस्करणों में आपसी नौसैनिक अंतर-संचालन और समुद्री सहयोग बढ़ाने पर मंथन करके समुद्री सहयोग बढ़ाने, आपसी सौहार्द का निर्माण करने और परिचालन तालमेल को बढ़ाने पर जोर दिया है।



पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, यूएस प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन कोहलर, जापान के सेल्फ डिफेंस फ्लीट के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल कात्सुशी ओमाची और ऑस्ट्रेलियाई बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल क्रिस स्मिथ के नेतृत्व में कई गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका की नौसेनाएं विशाखापट्टनम में विभिन्न सहयोगी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इन गतिविधियों में प्रमुख नेतृत्व सहभागिता (केएलई), विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान (एसएमईई), क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम और नौकायन से पहले की चर्चाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ाना, सौहार्द का निर्माण करना और परिचालन तालमेल को बढ़ावा देना है।

### रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया

बंदरगाह चरण में समुद्र से लेकर मैदानों तक टीमवर्क और दोस्ती की भावना ने 'स्ट्रॉन्गर टुगेदर' की थीम को मूर्त रूप दिया। सभी प्रतिभागियों ने एक साथ यादगार रात्रि भोज का भी आनंद लिया, जिसमें भारतीय व्यंजनों के समृद्ध स्वाद ने नौसेनाओं के बीच सांस्कृतिक परिचय को बढ़ाने के लिए मंच तैयार किया। मालाबार अभ्यास का बंदरगाह चरण समाप्त होने के करीब है, इसलिए पूर्व-नौकायन चर्चाएँ केंद्रीय स्तर पर आ गई हैं, जिसमें 14 अक्टूबर से निर्धारित बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण के दौरान अधिकतम परिचालन तालमेल सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

क्वाड देशों की नौसेनाओं के बीच बातचीत ने समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने और समुद्री संचालन में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग के महत्व को उजागर किया है। आपसी सहयोग को और मजबूत करते हुए विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और क्रॉस-डेक यात्राओं ने भाग लेने वाले देशों को गहन जुड़ाव और समझ को बढ़ावा देने की दिशा में ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के दल ने मैत्रीपूर्ण खेल मुकाबलों में भाग लिया, जिससे टीमों के बीच सौहार्द्र को और मजबूती मिली।

## ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की ज़िंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है?



राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर- गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों?

## संक्षिप्त खबरें

### हांगकांग क्रिकेट सक्सेस टूर्नामेंट: रॉबिन उथप्पा करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** रॉबिन उथप्पा 1 से 3 नवंबर तक होने वाले हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम के बाकी खिलाड़ियों में भरत चिपली, केदार जाधव, मनोज तिवारी, शाहबाज नदीम, श्रीवत्स गोस्वामी और स्टुअर्ट बिन्नी शामिल हैं। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेज टूर्नामेंट 2017 के बाद पहली बार लौट रहा है और टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस आयोजन में 12 देश शामिल होंगे, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया जाएगा, जो राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। जबकि क्वार्टर फाइनल के विजेता कप सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगे, क्वार्टर फाइनल के हारने वाले प्लेट सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 29 मैच खेले जायेंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा।

### जयदेव उनादकट ने अपना अनुबंध बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2025 और 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए ससेक्स के साथ दो साल का अनुबंध विस्तार किया है। उनादकट ने पहली बार 2023 में ससेक्स के साथ करार किया था और अपने पहले सीजन में उन्होंने तीन मैचों में 11 विकेट चटकाए थे। वह 2024 में टीम में लौटे और पांच मैचों में 14.40 की औसत से 22 विकेट चटकाए। गेंद के साथ उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने सीधे तौर पर ससेक्स को डिवीजन टू का खिताब जीतने में मदद की। टीम द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया, जब मैं पिछले साल होव आया था, तो मुझे यकीन नहीं था कि काउंटी चैंपियनशिप में क्या होगा और मैं इसके लिए कैसे खुद को ढाल पाऊंगा। लेकिन अब कुछ खेलों के बाद, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि होव मेरे घर से दूर मेरा दूसरा घर है और गुड ओल्ड ससेक्स बाय द सी मेरा दिल जीत लेता है। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फरब्रेस ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में टीम को प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता के बारे में खुलकर बात की।

### वुहान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं झेंग किनवेन

**वुहान।** चीन की झेंग किनवेन ने इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर शुक्रवार रात वुहान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे 14 मिनट तक चला, जिसमें झेंग ने 10 ऐस लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेट में शुरू से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरूआती गेम में झेंग पहले 0-30 से पिछड़ रही थीं, लेकिन पाओलिनी की सर्विस तोड़ने के लिए उन्होंने शानदार लचीलापन दिखाया। अगले कुछ गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन झेंग ने इसके बाद लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में पाओलिनी ने वापसी की और झेंग की सर्विस दो बार तोड़कर 6-3 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट की शुरूआत दोनों खिलाड़ियों द्वारा 3-3 तक अपनी सर्विस बनाए रखने से हुई। इसके बाद झेंग ने बेहतर प्रदर्शन किया और पाओलिनी की सर्विस तोड़कर अपनी सर्विस को बनाए रखते हुए मैच को 6-3 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### अफ्रीका टेबल टेनिस चैंपियनशिप : अंडर-11 पैडलर सेबतिन्दिरा करेंगे युगांडा टीम का नेतृत्व

**कंपाला।** 10 वर्षीय स्टार खिलाड़ी जोसेफ सेबतिन्दिरा 12-19 अक्टूबर को इथियोपिया के अदीस अबाबा में होने वाली 2024 अफ्रीका टेबल टेनिस चैंपियनशिप में युगांडा की टीम का नेतृत्व करेंगे। सेबतिन्दिरा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के अंडर-11 खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान पर हैं। शुक्रवार को टीम के इथियोपिया रवाना होने से पहले सेबतिन्दिरा ने शिन्हुआ से कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि एक बार फिर मुझे एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में युगांडा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम देश के लिए कई पदक जीतने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत करें। सेबतिन्दिरा के अलावा, टीम में अफ्रीका की यू-11 महिला चैंपियन पेशेंस एनयांगो भी शामिल हैं, जबकि जोनाथन सेनयोंगा टीम की कप्तानी करेंगे। युगांडा टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रॉबर्ट जजग्वे ने सिन्हुआ को बताया कि सात सदस्यीय टीम को इथियोपिया भेजने के लिए धन जुटाना आसान नहीं रहा है। जजग्वे ने कहा, हमें इस टीम को भेजने में बहुत संघर्ष करना पड़ा, लेकिन हम खुश हैं कि वे आखिरकार यात्रा कर रहे हैं और अफ्रीकी कैलेंडर के सर्वश्रेष्ठ टूनामेंटों में से एक में युगांडा का प्रतिनिधित्व करेंगे। जजग्वे ने यह भी बताया कि अफ्रीका चैंपियनशिप में खेलने से सेबतिन्दिरा और एनयांगो को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी क्योंकि वे 1 से 8 नवंबर तक पैराग्वे में होने वाले वर्ल्ड होप्स (यू-11) प्रशिक्षण शिविर और चैंपियनशिप में अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं।

# टी20 श्रृंखला में भारत ने किया क्लीव स्वीप

- 133 रन से जीता तीसरा टी20 मैच
- 22 छक्के, 25 चौकों की मदद से भारत ने टी20 में बनाया रिकॉर्ड स्कोर
- वाशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी को एक-एक सफलता मिली




एजेंसी

**हैदराबाद।** भारतीय टीम के बल्लेबाजों की ओर से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कमाल का प्रदर्शन देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने 22 छक्के और 25 चौके लगा टी20 क्रिकेट में भारतीय टीम का 297 रन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के शानदार शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव की ताबड़तोड़ पारी ने दर्शकों को काफी आनन्दित किया। आखिर में रियान पराग और हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार पारी खेल टीम को रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया का यह स्कोर टेस्ट प्लेइंग नेशन में सबसे बेहतर है। इस विशाल लक्ष्य के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में दिखे और 20 ओवर में मात्र 164 रन ही बना सके। इस तरह भारत ने 133 रन से मैच में जीत के साथ श्रृखंला में क्लीव स्वीप किया।

298 रन के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान बांग्लादेश की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही।

पारी की पहली ही गेंद पर परवेज हुसैन बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान नजमुल होसैन शंटो ने तंजिद हसन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और तेजी से रन बनाने भी शुरू किए। हालांकि चौथे ओवर में तंजिद भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान शंटो भी 14 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गए। पांच ओवर में 59 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद तौहिद हृदय और लिटन दास ने मोर्चा संभाला। इन दोनों ने बांग्लादेश की पारी का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया।

तभी लिटन 42 रन बनाकर आउट हो गए। लिटन के बाद कोई दूसरा बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिका। हालांकि तौहिद हृदय आखिर तक नाबाद रहे, उन्होंने 63 रन की पारी खेली।

### रवि विश्नोई ने तीन विकेट और मयंक यादव ने दो विकेट चटकाए

इससे पहले, भारतीय टीम ने कई रिकॉर्डो को तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया आज अलग ही रंग में दिखी। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में शुरूआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा सिर्फ 7.1 ओवर में छुआ और 10 ओवर होते-होते 150 रन भी पूरे किए। इस दौरान भारतीय टीम ने टी20 क्रिकेट के इतिहास के सबसे तेज 100, 150, 200 और 250 रन पूरे किए। टीम के लिए संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 111 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के जड़े। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 35 गेंदों पर 75 रन बनाए। सूर्या ने 8 चौके और 5 छक्के जड़े। फिर रियान पराग ने 13 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों की मद से 34 रन बनाए। तो हार्दिक पंड्या में 18 गेंदों पर 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस तरह 22 छक्के और 25 चौकों की मदद से भारत ने 297 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।बांग्लादेश की तरफ से तंजिम हसन शकीब ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि तस्कीन अहमद, महमदुल्लाह और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

# हॉकी इंडिया लीग पुरुष नीलामी: 550 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

### 400 से अधिक घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए कराया पंजीकरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग का बहुप्रतीक्षित 2024 संस्करण रविवार को नई दिल्ली में पुरुषों की नीलामी के साथ शुरू होने वाला है। इस साल के अंत में राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग शुरू होने पर आठ पुरुष टीमों में से एक में शामिल होने का मौका पाने के लिए 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए 4 करोड़ का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब 2 लाख, 5 लाख और 10 लाख के तहत वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी पंजीकरण कराया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली दिल्ली स्थित टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे। एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु स्थित टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। सीएमडी श्री जोस चार्ल्स मार्टिन, श्री जोसेफ सेलवन, श्री रीन वान ईजक और श्री चार्ल्स डिक्सन के साथ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता स्थित टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। हैदराबाद स्थित टीम, जिसका स्वामित्व रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लिमिटेड, को हैदराबाद तूफान कहा जाएगा। आलोक सांघी, एमडी के साथ सिद्धांत गौतम, महाप्रबंधक और टीम निदेशक सिद्धार्थ पांडे, प्रमुख कोच पाशा गैडमैन, सहायक कोच एमिली काल्डेरन और संजय बीर और वैज्ञानिक सलाहकार रॉबिन आर्केल होंगे।

यदु स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली लखनऊ स्थित टीम का नाम यूपी रुद्र रखा गया है। पॉल वान ऐस, थॉमस टिचेलमैन और सेड्रिक डिसूजा यूपी रुद्राज के लिए कोचिंग सेट अप का हिस्सा होंगे। जेएसडब्ल्यू पंजाब और हरियाणा का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है। उनकी टीम में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह, अर्जुन हलप्पा, जेरोन बार्ट, सरदार सिंह, माइकल कॉस्मा और श्रीनिवास मूर्ति शामिल होंगे। ओडिशा टीम का स्वामित्व वेदांता लिमिटेड के पास है। वेदांता लिमिटेड के सुनील गुप्ता और मानसी चौहान टीम में करियप्पा बी.जे., डेविड जॉन और डॉ. एबी सुब्बैया के साथ शामिल होंगे। टीम गोनासिका, जो विशाखापत्तनम में स्थित है, का नेतृत्व तारिणी प्रसाद मोहंती करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया लीग एक पुनर्निर्मित लीग के रूप में अपना पहला कदम उठा रही है और हम वर्षों की योजना और कड़ी मेहनत के बाद इसे आगे बढ़ते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।




**नीलामी के कार्यक्रम**

13 अक्टूबर, 2:30 अपराह्न (पुरुषों की नीलामी)
14 अक्टूबर, प्रातः 10:00 बजे (पुरुषों की नीलामी)
15 अक्टूबर, प्रातः 10:00 बजे (महिला नीलामी)

### महिला टी20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हराया




एजेंसी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान पर 9 विकेट से जीत दर्ज करके महिला टी20 विश्व कप में अपनी लगातार 14वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ग्रुप ए में शीर्ष पर अपनी जगह बनाए रखी। 83 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए गत विजेता टीम ने बेथ मूनी का विकेट जल्दी खो दिया। 36 के कुल स्कोर पर सादिया इकबाल ने बेथ मूनी को पवेलियन भेज पाकिस्तान को पहला झटका दिया। मूनी ने 15 गेंद पर 15 रन बनाए। दूसरे छोर पर हीली ने अपना आक्रमण जारी रखा, हालांकि 10वें ओवर में 69 के कुल स्कोर पर कप्तान एलिसा हीली एक तेज सिंगल लेते समय चोटिल हो गईं और रिटायर्ड हर्ट हों गईं। उन्होंने 23 गेंदों पर 37 रन बनाए। इसके बाद एलिस पेरी (22) और एश्ले गार्डनर (07) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और 11वें ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया को शुरूआत में तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक के कंधे में चोट लगने से झटका लगा। बावजूद इसके ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती छह ओवरों में पाकिस्तान के केवल 23 रन पर दो विकेट चटका दिये।

# एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024: अयहिका-सुतीर्था की जोड़ी ने पदक किया पक्का

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पैडलर अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने शनिवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रहे एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में पदक पक्का हो गया है। हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली अयहिका और सुतीर्था की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में. दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को 3-1 (10-12, 11-7, 11-9, 11-8) से हराया। यह एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर पहुंचने वाली पहली अखिल भारतीय महिला युगल जोड़ी होगी। इससे पहले गूल नासिकवाला ने जापान की योशिको तनाका के साथ मिलकर महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था, जब तत्कालीन टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ एशिया ने 1952 में सिंगापुर में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया था। वर्ल्ड नंबर 15 अयहिका-सुतिर्था की जोड़ी रविवार को सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोटो और मियु किहारा से भिड़ेगी। पुरुष एकल में, मानुष शाह और मानव ठक्कर ने उच्च रैंकिंग वाले दक्षिण कोरियाई विरोधियों को चौंका दिया और 16वें राउंड में पहुंच गए।



**मानुष, मानव अंतिम 16वें**

## व्यापार

# इकोफाई, टीवीएस ने की समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकोफाई ने तिपहिया वाहनों के लिए कर्ज उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को अपनाने में तेजी लाना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। एवरसोर्स कैपिटल समर्थित इकोफाई हरित क्षेत्र के लिए वित्त पोषण उपलब्ध करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

टीवीएस मोटर कंपनी दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख वैश्विक कंपनी है। इस बारे में इकोफाई के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजश्री नाम्बियार ने बयान में कहा, टीवीएस मोटर कंपनी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टीवीएस मोटर के मजबूत वितरण और नेटवर्क के साथ... हम यात्री और कार्गो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों दोनों के लिए व्यापक वित्त पोषण समाधान पेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जो हमारी विस्तार यात्रा में एक मील का पत्थर होगा। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक वाहन के कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा, इकोफाई के साथ सहयोग करने से हमें अपनी विनिर्माण विशेषज्ञता को उनकी अभिनव वित्तीय सेवाओं के साथ जोड़ने का मौका मिलेगा। यह पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



### एसबीआई की ऋण योजना के तहत सीमा बढ़ाने की योजना

**नयी दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) एमएसएमई क्षेत्र को आसानी से पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए तत्काल ऋण योजना के तहत कर्ज सीमा को मौजूदा पांच करोड़ रुपये से बढ़ाने की योजना बना रहा है। एमएसएमई सहज डिजिटल इनवॉयसा वित्त पोषण योजना है। इसके तहत बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण के लिए आवेदन करने, दस्तावेज उपलब्ध कराने और स्वीकृत ऋण को जारी करने की सुविधा दी जाती है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने पीटीआई-से बातचीत में कहा, हमने पिछले साल पांच करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा के लिए एक डेटा आधारित मूल्यांकन शुरू किया था। हमारी एमएसएमई शाखा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को केवल अपना पैन और जीएसटी आंकड़ों तक पहुंच की अनुमति देनी होगी। हम 15-45 मिनट में मंजूरी दे सकते हैं।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी के भाव चढ़े

### दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर

### दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज आए उछाल के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,350 से लेकर 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों- बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।





# ऑफिस जाने वाली महिलाएं फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

**गर्मी के मौसम में स्किन को खास देखभाल की जरूरत होती है। वहीं ऑफिस जाने वाली महिलाओं को अपनी स्किन का खास ख्याल रखना होता है। ऐसे में अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर सकती हैं।**

गर्मी में त्वचा की खास देखभाल की जरूरत होती है। वहीं जो वर्किंग वूमेन को अपनी स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि सूरज की हानिकारक किरणों, गर्म हवाओं से हमारी स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। जिसके कारण हमारी त्वचा डैमेज होने लगती है। वहीं गर्मी के मौसम में फोड़े-फुंसी और एक्ने की भी समस्या होने लगती है। ऐसे में अगर आप भी ऑफिस जाती हैं तो स्किन को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए त्वचा की सही देखभाल करनी बहुत जरूरी है। इसलिए आप एक प्रॉपर स्किन केयर रूटीन फॉलो कर सकती हैं।

## मेकअप रिमूव करें

अगर आप भी ऑफिस जाने के दौरान मेकअप करती हैं। तो घर आने के बाद सबसे पहले अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। मेकअप रिमूव करने के लिए आप मेकअप रिमूवर या क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। नारियल का तेल मेकअप रिमूव करने के लिए एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। इससे चेहरे पर जमा मेकअप और गंदगी आसानी से साफ हो जाती है। आपको बता दें कि मेकअप रिमूव करने से स्किन के पोर्स खुल जाते हैं। आप चाहें तो गुलाब जल, ग्रीन टी या एलोवेरा से अपनी स्किन की क्लींजिंग कर सकती हैं।

## फेशवॉश से साफ करें चेहरा

भले ही आप रोज मेकअप रोज रिमूव करती हैं या क्लींजिंग करती हैं। लेकिन इसके बाद भी फेस वॉश से चेहरे को धोना जरूरी होता है। इससे आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग होती है। फेशवॉश से चेहरा धोने से एक्सट्रा ऑयल निकल जाता है। फेसवॉश के लिए आप माइल्ड फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## टोनर लगाना न भूलें

ऑफिस से घर आने के दौरान धूप, धूल-मिट्टी के कारण स्किन का पीएच लेवल बिगड़ जाता है। इसलिए फेस धोने के बाद टोनर अप्लाई करना न भूलें। बता दें कि टोनर त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करने का काम करता है। इसके साथ ही स्किन को हाइड्रेट करने का काम करता है। इसके लिए आप हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ओपन पोर्स को कम करने में भी टोनर मददगार होता है। बेहतरीन नैचुरल टोनर के तौर पर आप गुलाबजल का भी यूज कर सकती हैं।

## सीरम भी करें अप्लाई

ऑफिस से घर आने के बाद आपको अपनी स्किन पर सीरम भी अप्लाई करना चाहिए। इसलिए आप अपनी स्किन के हिसाब से सीरम चुन सकती हैं। इसके लिए एंटी एजिंग सीरम, विटामिन सी सीरम का यूज कर सकती हैं।
नाइट क्रीम जरूर करें अप्लाई
ज्यादातर लोग ऑफिस से रात में 8,9 या 10 बजे के आसपास घर पहुंचते हैं। इसलिए टोनर लगाने के बाद स्किन पर नाइट क्रीम जरूर अप्लाई करनी चाहिए। नाइट क्रीम स्किन सेल्स को बनाने के साथ ही स्किन को हाईड्रेट करने का काम करता है। नाइट क्रीम त्वचा में हाइड्रेटिंग के साथ नमी बनाए रखने में मदद करती है। हालांकि स्किन टाइप का ध्यान रखते हुए ही नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए।

## आंखों का भी रखें ख्याल

पूरा दिन काम करने के दौरान आपकी आंखें भी थक जाती हैं। ऐसे में आंखों का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इसके लिए आप आंखों के नीचे नारियल तेल, गुलाब जल, बादाम का तेल आदि अप्लाई कर सकती हैं। कई बार अधिक बोझ पड़ने पर डार्क सर्कल हो जाते हैं। इसके लिए आप आंखों पर खीरे के स्लाइस भी रख सकती हैं। इससे आंखों को ठंडक मिलने के साथ ही डार्क सर्कल से भी छुटकारा मिलेगा।

## होंठों को हाइड्रेट करें

त्वचा, आंखों के साथ ही होंठों को हाइड्रेट रखना भी जरूरी होता है। धूप की वजह से होंठ अकसर सूखे और बेजान नजर आने लगते हैं। ऐसे में ऑफिस से घर आने के बाद होंठों पर भी कोई हाइड्रेटिंग क्रीम जरूर अप्लाई करना चाहिए।



# आसमान छूने का जज्बा रखती हैं आज की लड़कियां

**एक मां की आंखों से देखती हूं, तो लगता है कि मां के भीतर छुपी वो चंचल लड़की जाग गई है, जिस उम्र में मां ने बच्चों को जन्म दिया था, वह उम्र आज की लड़कियों के आसमान को छूने की है। आज लड़कियां अपने पैरों पर खड़ी हैं, लड़कियां ऊंचे-ऊंचे सपने देखती हैं और उन सपनों में रंग भरने का जज्बा भी रखती हैं। आज लड़कियां यह बात अच्छे से जान गई हैं कि उनका काम विवाह करके सिर्फ बच्चे पैदा करना ही नहीं है।**

लड़कियां ही नहीं लड़के भी ऐसा ही जीवन साथी पसंद करते हैं, जो उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चले। उनके लिए विवाह करना और माता-पिता कहलाने से जरूरी जिंदगी को अच्छे से जीना है, आज जज्बात या संस्कारों की दुहाई देकर हम बच्चों के निर्णय को नहीं बदल सकते हैं.।

सेंट्रल एडॉप्शन रिसर्च अथॉरिटी (सीएआरए) की एक रिपोर्ट के मुताबिक पचास हजार बच्चे अनाथ हैं लेकिन एडॉप्शन एंजेसियों की लापरवाही से अथॉरिटी के पास कुल 1200 बच्चों का ही लेखाजोखा है जबकि नौ हजार भारतीय ऐसे हैं जिन्हें बच्चे गोद लेने हैं! वर्ष 2021 में 1368 बच्चों को नया घर दिया गया है।

यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आजकल की लड़कियां पढ़ी-लिखी और समझदार होती हैं, वे मां बनने और बच्चों के भविष्य को लेकर हमेशा सावधान रहती हैं। एम्स की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना धवन का भी यही मानना है कि आज जल्दी विवाह करने और जल्दी संतान पैदा होने की समस्या कम हो गई है क्योंकि उनके क्लिनिक में आने वाली लड़कियां बीस से चालीस साल की होती हैं जो नौकरीपेशा, पढ़ी-लिखी हैं जो बच्चे को जन्म देने से पहले खुद को मजबूत करना चाहती हैं, ये वो लड़कियां हैं जो अपने पैरों पर खड़ी हैं और अपने बच्चों के भविष्य को लेकर कोई भी समझौता करने को तैयार नहीं हैं।

डॉ.धवन कहती हैं कि अधिकतर ऐसे पति-पत्नी होते हैं जिनके बच्चे नहीं हो रहे होते हैं, कुछ लड़कियां विवाह तो कर लेती हैं लेकिन अपना करियर बचाए रखने के लिये मां बनना पसंद नहीं करती हैं। उनमें बढ़ती उम्र के कारण शारीरिक सरंचनाओं में परिवर्तन होने लगता है और हॉर्मोन संबंधी कई समस्याएं मातृत्व में बाधक बन जाती हैं। ऐसे में क्लिनिक में कृत्रिम विकल्पों द्वारा बच्चे पैदा किए जाने के साधन उपलब्ध हैं। उन महिलाओं को आईवीएफ तथा एंब्रियोएडॉप्शन तकनीक द्वारा मां बनने का सुख प्राप्त हो पाता है। कुछ स्त्री-पुरुष ऐसे भी होते हैं जो माता-पिता बनने के लिए खुद को तैयार महसूस नहीं करते, ज्यादातर ऐसी लड़कियां हैं जो विवाह तो कर लेती हैं लेकिन चालीस से पहले मां नहीं बनना चाहतीं। वे एक लंबे समय के लिए एग्स और शुक्राणुओं को सरंक्षित करवा देते हैं, जिससे बड़ी उम्र में भी वह इच्छानुसार मां बन सकती हैं। एक वजह सोशल मीडिया, फिल्म सिटी का प्रभाव भी कह सकते हैं।

यह सब देख सुनकर काफी हद तक आप कह सकते हैं कि उस मां की छवि धुंधली होती जा रही है, जिसके पांच से सात बच्चे होने पर भी माथे पर शिकन नहीं आया करती थी, जो बच्चों को डांटते, दुलारते अपने मां होने पर फूली नहीं समाती थी, एक ऐसी मां जो बच्चों का होना पहली जरूरत समझा करती थी, मैं याद करती हूं तो आज भी मां का नाम लेने पर मुझे वही सिर पर आंचल ओढ़े एक चेहरा नजर आता है जो हर पल साये की तरह हमारे साथ रहा करता था, जो हम बच्चों के जागने से पहले जाग जाता था, हमारी जरूरत की हर चीज उसके पास होती थी, कभी-कभी मां हमे जादू का पिटारा-सी लगती थी, बड़े भाई-बहनों के छोटे कपड़े और उनके पुराने कपड़े घर के डस्टर बन जाया करते थे, लेकिन घर में किसी भी चीज का अभाव मां महसूस ही नहीं करने देती थी। आज देखती हूं तो घर से उस मां का साया भी आंचल की तरह उड़ गया है, सिर दर्द होने पर माथे पर मां का हाथ नहीं होता न तेल ही मलने का समय हो पाता है। बच्चे नहीं जानते कि भारतीय व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं, क्योंकि पकवान बनाना तो दूर, भोजन में फास्ट फूड का समावेश अधिक हो गया है। आए दिन होटल का खाना खाने से स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है, घर-परिवार, बच्चों की जिम्मेदारी से कतराते बच्चे एकांत चाहते हैं इसका एक दुष्परिणाम संयुक्त परिवारों का विघटन भी है। बच्चे दादा-दादी, नाना-नानी के दुलार से वंचित रह जाते हैं, आज चार-पांच बच्चों की देखभाल तो दूर एक बच्चे की देखभाल का समय भी मां के पास नहीं होता, बच्चे या तो आया के पास पलते हैं या क्रैच में पल रहे होते हैं। इससे बच्चों में घर के बड़ों के प्रति सेवा भाव नहीं पनप पाता और धीरे-धीरे भारतीय संस्कारों का ह्वास भी हो रहा है। इन सब बातों के बावजूद एक बहुत अच्छा पहलू भी है, वह यह कि बच्चे के जन्म से पहले ही माता-पिता अपनी संतान का भविष्य भी सुनिश्चित कर लेते हैं, ताकि बड़े होने पर बच्चों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एक और अच्छी बात यह है कि भारत जैसे घनी आबादी के देश में जहां बहुत से बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है वहीं अधिकतर लड़के-लड़कियां अनाथ बच्चों को गोद लेकर उन्हें पालने-पोसने में विश्वास करते हैं, एक तरह से देखा जाए तो यह सबसे अच्छा काम है, जिन बच्चों को समाज नाजायज या अनाथ कहकर प्रताड़ित करता आ रहा था, उन बच्चों को नया घर मिलने की संभावना बढ़ गई है। मुझे लगता है बदलते परिवेश में नई पीढ़ी द्वारा अनाथ बच्चों को पढ़ाना लिखाना, माता-पिता का प्यार देना, एक नया घर देना ही सच्चे मातृत्व का सुख है.।





# इन कामों में पेरेंट्स से भी आगे होते हैं बच्चे

**कुछ काम ऐसे भी होते हैं जिसमें पेरेंट्स से भी आगे होते हैं बच्चे। जी हां, भले आपको सुनकर हैरानी हो रहा होगा लेकिन यह सच हैं। चलिए जानते हैं किन कामों में बच्चे पेरेंट्स से आगे होते हैं।**

छोटे बच्चे को जो भी सिखाया जाएं वह काफी जल्दी सीख जाते हैं। ऐसे में कई बार बच्चे इतने होशियार हो जाते हैं कि वह अपने पेरेंट्स से भी कुछ चीजों में आगे चले जाते हैं। माना जाता है कि बच्चे जो भी करते हैं, वो अपने पैरेंट्स को देखकर सीखते हैं। ऐसे में क्या यह कहना सही होगा कि पेरेंट्स से बच्चे आगे होते हैं।
बता दें कि यह पूरे तरीके से सच है। कुछ काम ऐसे भी होते हैं जिसमें बच्चे अपने पेरेंट्स से ज्यादा अच्छे होते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको उन चीजों के बारे में बताने वाले हैं जिसमें बच्चे अपने पेरेंट्स से ज्यादा अच्छे होते हैं।

## दोस्ती करने में

बच्चे दोस्ती करने में अपने पेरेंट्स से काफी आगे होते हैं। वह किसी से भी मिनटों में दोस्ती कर लेते हैं। बच्चे बातूनी होते हैं ऐसे में उनकी दोस्ती किसी से भी आसानी से हो जाती हैं। वही बात पेरेंट्स की करें तो वह इतनी जल्दी किसी से नहीं घुल मिल पाते हैं।

## टेक्नोलॉजी

टेक्नोलॉजी में बच्चे काफी रुचि दिखाते हैं। यहीं कारण है कि उन्हें बिना कुछ सीखाएं भी फोन चलाना आ जाता है। अधिकांश बच्चों को देखा गया है कि वह टीवी चलाना भी बिना सीखाएं ही सीख लेते हैं। वहीं बात पेरेंट्स की करें तो पेरेंट्स जल्दी चीजों को नहीं सीखते हैं।

## सच्चा प्यार

बच्चों को सच्चा प्यार काफी जल्दी हो जाता है। वह किसी को भी अपना काफी जल्दी समझने लगते हैं। बात पेरेंट्स की करें तो पेरेंट्स ऐसे नहीं होते हैं। पेरेंट्स काफी अलग होते है। वह जल्दी किसी पर भी भरोसा नहीं करते हैं। इन चीजों में बच्चे अपने पेरेंट्स से आगे होते हैं।

# इन किचन टिप्स को अपनाकर आसान बनाएं रसोई का काम

कई बार खाना पकाते समय नमक-मिर्च ज्यादा या कम हो जाती है। जिससे खाने का स्वाद बिगड़ जाता है। आज हम आपको ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप किचन के काम को और आसान बना सकती हैं-

- तरी वाली सब्जी में मिर्च ज्यादा पड़ जाए तो उसमें फ्रैश क्रीम, दही या मलाई मिलाकर उसका तीखापन कम करें। अगर सब्जी सूखी है तो उसमें थोड़ा सा बेसन भूनकर डाल दें। ऐसा करने से स्वाद भी बढ़ेंगे और तीखापन भी कमहो जाएगा।
- सब्जी या सूप बनाते समय उसमें ज्यादा नमक पड़ जाए तो उसमें एक चौथाई आलू छीलकर डाल दें। आलू उनमें पड़े ज्यादा नमक को सोख लेगा। ध्यान रहें सूप सर्व करने से पहले आलू को निकाल लें झ
- ग्रेवी वाली सब्जी में नमक और खट्टापन ज्यादा हो जाए तो उसमें आटे की बड़ी लोई और चीनी मिला दें। आंटे की लोई डालने से सब्जी का खारापन उसमें आ जाएगा और एक चम्मच चीनी मिला देने से खट्टापन कम हो जाएगा।
- चावल बनाते समय पानी ज्यादा पड़ जाए तो पतीली या कूकर के नीचे गरम तवा रखें और उसका ढक्कन खोल दें। ऐसा करने से तवा अपनी गरमाहट से पानी को सुखा देगा। आप चाहे तो ब्रैड के एक दो पीस चावल के ऊपर रख दें। ब्रैड थोड़ी देर में चावल का पानी सोख लेगा।
- भरवा पराठा बनाते समय मसाला गीला हो जाए तो उसमें नमकीन को पीस कर मिला दें। इससे मसाला कड़ा हो जाएगा और भरने में भी आसानी होगी।





# मेहंदी लगाने का नहीं है समय तो आलता से सजाएं हाथ-पैर

**आलता को सोलह श्रृंगार का हिस्सा माना जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे सुखाने के लिए आपको घंटों बैठना नहीं पड़ेगा और ना ही गहरा रंच रचाने के लिए आपको टोटके ट्राई करने पड़ें।**

सावन ही नहीं बल्कि हिंदू धर्म में शादी-ब्याह या तीज-त्यौहार के मौके पर भी मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। मगर, कई बार घर के काम या वर्किंग महिलाओं को मेहंदी लगाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप हाथों-पैरों को आलता से सजा सकती हैं। आलता भी मेहंदी की तरह की शुभ माना जाता है। बता दें कि आलता को सोलह श्रृंगार का हिस्सा माना जाता है। वहीं, हिंदू उपनिषदों के मुताबिक, भगवान कृष्ण अपनी प्रेमिका राधा के पैरों में खुद आलता लगाते थे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे सुखाने के लिए आपको घंटों बैठना नहीं पड़ेगा और ना ही गहरा रंच रचाने के लिए आपको टोटके ट्राई करने पड़ें। आलता लगाने का फैशन भले ही पुराना हो लेकिन मॉर्डन समय के साथ इसके डिजाइन्स में काफी बदलाव आया है। ऐसे में आप भी मेहंदी की बजाए आलता ट्राई कर सकती हैं। यह नेचुली जिस रंग का होता है उसी रंग का चढ़ेगा।

- आप हाथों पर सिंपल लेकिन खूबसूरत आलता डिजाइन डाल सकती हैं।
- ब्रश की मदद से आप पैरों में आलता के सुदंर डिजाइन्स डालें।
- आप चाहें तो मेहंदी व आलता कॉम्बिनेशन से भी पैर सजा सकती हैं।
- मेहंदी की तरह ही बारीक ब्रश की मदद से आलता के बारीक डिजाइन्स बनाएं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929